dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

www.delhicrimepress.com
info@delhicrimepress.com

RNI No. DELHIN/2005/15378 • DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 • वर्ष-17 • 1-30 नवम्बर 2021, 1-31 दिसंबर 2021 • अंक-21,22,23,24 • पृष्ठ-8 • मूल्य-10रू





16 दिसंबर को दिल्ली क्राइम प्रेस के लक्ष्मी नगर ऑफिस की पहली वर्षगांठ मनाई गई, इस अवसर पर दिल्ली क्राइम प्रेस के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## देश के वीर जनरल बिपिन रावत ने दुनिया से कहा अलविदा

- हेलीकॉप्टर हादसे में जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी व अन्य जवानों की हुई मौत
- सर्जिकल स्ट्राइक व अन्य कई उपलब्धियों के लिए जाने जाते थे देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत




**संवादाता।** भारत के वीर सपूत जनरल बिपिन रावत का निधन एक हेलीकॉप्टर हादसे में हो गया। जिसके बाद देश में शोक की लहर है, जगह-जगह पर सैनिक, नेता व अन्य लोग उन्हें अपनी नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहे हैं, लोगों का कहना है कि देश की इस बड़ी क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। जनरल बिपिन रावत जैसे जांबाज, समझदार व दिलेर अधिकारी की कमी देश हमेशा महसूस करेगा।

**हेलीकॉप्टर हादसे में हुई मौत**

तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को हुए हेलिकॉप्टर हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 13 लोगों की मौत हो गई है. हादसे के वक्त सीडीएस जनरल रावत सेना के सबसे सुरक्षित माने जानेवाले चॉपर एमआई-17 वी5 में सवार थे।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने व्यक्त की संवेदनाएं**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के हेलिकॉप्टर क्रैश पर संसद में बयान दिया। उन्होंने इस घटना के बारे में पूरी जानकारी देते हुए सभी मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताई। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना की जांच के लिए एक कमिटी बना दी गई है। लोकसभा और राज्यसभा में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। रक्षा मंत्री ने बताया कि जनरल रावत एयरफोर्स के एमआई हेलिकॉप्टर से उड़ान भरे थे। जिसे 12 बजकर 15 मिनट पर वेलिंगटन में लैंड करना था। 12 बजकर 8 मिनट पर हेलिकॉप्टर का एटीसी से संपर्क कट गया था।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने दी जनरल रावत को श्रद्धांजलि**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में सरयू नहर नेशनल प्रोजेक्ट के लोकार्पण में शामिल हुए। इस दौरान ढट मोदी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत को मंच से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जनरल रावत जहां रहेंगे, वहां से देश को आगे बढ़ते देखेंगे। पीएम ने सभी वीर योद्ध-ाओं के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा- भारत के पहले उञ्र जनरल बिपिन रावत का निधन, प्रत्येक देशभक्त के लिए एक क्षति है। वह बहादुर थे और उन्होंने देश के सशस्त्र बलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, देश इसका गवाह है। भारत दुख में है, लेकिन दर्द सहते हुए भी हम न अपनी गति रोकते हैं और न प्रगति।


**बेटियों ने किया सीडीएस बिपिन रावत का अंतिम संस्कार**



सीडीएस जनरल बिपिन रावत का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें 17 तोपों की सलामी दी गई। जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत को उनकी बेटियों कृतिका और तारिणी ने मुखाग्नि दी।

## भारत में हर साल पॉल्यूशन के कारण 10 लाख से ज्यादा लोगों की होती है मौत

**संवादाता।** WHO की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल पॉल्यूशन के कारण 10 लाख से ज्यादा लोग जान गंवाते हैं. दरअसल वायु प्रदूषण के कारण स्ट्रोक, हार्ट और लंग्स संबंधी बीमारियां और कैंसर होता है. लगातार इन बीमारियों की चपेट में आकर लोग अपनी जान गंवा रहे हैं. भारत में प्रदूषण कितनी गंभीर समस्या है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि WHO की नई गाइडलाइंस के हिसाब से देखें तो अब लगभग पूरा भारत की प्रदूषित क्षेत्र वाली कैटेगिरी में आ गया है. पहले से तय मानकों पर भी बहुत से शहर खरे नहीं उतर पा रहे थे।




## क्रिप्टो बिल ड्राफ्ट के अनुसार उल्लंघन पर 20 करोड़ तक का जुर्माना और बिना वारंट हो सकती है गिरफ्तारी

**वरिष्ठ संवददाता।** क्रिप्टोकरेंसी बिल लाने की तैयारी चल रही है. भारत में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश, इससे जुड़े नियम-कायदों के विनियमन और सजा वगैरह पर सरकार ने ड्राफ्ट तैयार किया है. ऐसी जानकारी है कि क्रिप्टो बिल ड्राफ्ट में ऐसा प्रस्ताव दिया जा सकता है कि भारत में क्रिप्टो फाइनेंस पर भारत सरकार की ओर से लागू किए गए कानूनों को तोड़ने वाले व्यक्ति और संस्था पर 20 करोड़ तक का जुमार्ना और 1.5 साल की जेल हो सकती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जता चुके हैं कि



सरकार का रुख क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सख्त ही रह सकता है. उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी जैसी उभरती तकनीक का इस्तेमाल लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए. वहीं, एक रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी क्रिप्टोकरेंसी के रेगुलेशन के ढांचे के लिए जल्द ही फैसला लेने वाले हैं. हालांकि इसको लेकर असमंजस कायम है. नीति-निमार्ताओं का कहना है कि रेगुलेशन से बाहर डिजिटल करेंसी अर्थव्यवस्था और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा है।

**क्रिप्टो करंसी को नहीं दिया जाएगा करेंसी का दर्जा –** सूत्रों के अनुसार स-रकार क्रिप्टो को लीगल टेंडर का दर्जा नहीं देगी, न ही इसे करेंसी का दर्जा दिया जाएगा. इन्हें असेट यानी संपत्ति की तरह देखा जाएगा, जैसे कि प्रॉपर्टी, गोल्ड, या बॉन्ड वगैरह को देखा जाता है।




## जश्न के साथ घर की तरफ लौटे किसान, कहीं बरसे फूल तो कहीं हुआ लंगर

**संवादाता।** कृषि कानूनों की वापसी और केंद्र सरकार से बातचीत के बाद किसान आंदोलन समाप्त हो गया है। अब किसान घर की ओर रवानगी कर रहे हैं। दिल्ली-हरियाणा की सीमा पर आंदोलनरत किसान जत्थे में ट्रैक्टर ट्रालियों और अन्य वाहनों से रवाना हो रहे हैं। किसानों का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। किसान नाचते झूमते जा रहे हैं। उन पर फूलों की बारिश की जा रही है।

**जगह जगह किया गया भंडारे का आयोजन –** किसानों के स्वागत के साथ-साथ भोजन तक की व्यवस्था की गई है। दिल्ली से हरियाणा, पंजाब व यूपी की तरफ जाने वाले रास्तों पर भंडारे की व्यवस्था की गई है। हलवा, खीर और देसी घी की जलेबी खास है।

**आंदोलन समाप्त नहीं किया है बल्कि स्थगित –** कृषि कानून की



वापसी के बाद भी किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत कई मांगों को लेकर धरने पर जमे रहे थे. लेकिन अब सरकार ने एक चिट्ठी भेजकर उनकी सभी मांगों को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया है. संयुक्त किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन समेत कई किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर साल भर सरकार से वार्ता करते रहे।

**99 साल के किसान ने कहा जरूरत पड़ी तो फिर लौटेंगे –** मुरादनगर के 99 साल के किसान राज सिंह ने करीब एक साल ठंड-गर्मी-बरसात और कोरोना को गाजीपुर बार्डर पर झेला और समय-समय पर युवाओं का हौसला बढ़ाते रहे. उनको राकेश टिकैत ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो फिर बॉर्डर की तरफ लौटेंगे।

**किसान के जत्थे निकलने के कारण सड़के रही जाम, लोगों को घण्टों करना पड़ा इंतजार–** किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद किसान अपने काफिले के साथ पंजाब और हरियाणा के गांव में वापस निकल गए जिस वजह से सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें नजर आने लगी। ऐसे में दिल्ली से चंडीगढ़ जाने वाले मार्ग पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लगा रहा, दिल्ली से जुड़े अन्य मार्गों पर भी यातायात काफी समय तक पर प्रभावित रहा।

dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 2



## परिजनों का आरोप, पुलिस के पीटने से हुई युवक की मौत



**संवाददाता।** राहुल द्विवेदी, कानपुर में युवक की मौत से परिजनों में आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि थाना कल्यानपुर में युवक को बुलाया गया क्योंकि उस पर चोरी करने का शक था, पुलिस द्वारा बुलाकर पूछताछ में उसको इतना पीटा गया कि युवक मरणासन्न व अचेत हो गया। पुलिसवालों ने अपने को पाक साफ तरह से बचाने के लिए युवक के घरवालों को फोन कर-के बुलाया और उसको घर ले जाने के लिए बोला, घरवाले जब आये तब पुलिस के एक सिपाही ने अचेत युवक को लात मारकर उठाया और घर से आये लोगो के साथ भेज दिया, जबकि वह चलने की स्थिति में नही था, दर्द से कराह रहे युवक को घरवाले हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते मे उसकी मौत हो गई। उस-के बाद जब उसके शरीर को नंगा करके देखा गया उसके शरीर पर पिटाई के निशान मिले। परिजनों का कहना है कि उनके निर्दोष बेटे को पुलिसकर्मियों ने सिर्फ इसलिए मार डाला क्योंकि वो एक गरीब परिवार का बेटा था। प्रदेश की आर्थिक नगरी कानपुर में सत्तारूढ़ सरकार ने बेहतर पुलिसिंग के लिए कमिश्नरी लागू की थी , सरकार ने दावा किया था कि इससे आम नागरिकों के हितों की रक्षा व अपराध खत्म होगा। किन्तु उसके बाद लगातार कानपुर में बड़ी आपराधिक घटनाओं ने जन्म लिया।

## असली एयरपॉड्स मंगाकर नकली लौटा देता था, फ्लिपकार्ट को लगाया लाखों का चूना




**संवाददाता।** जबलपुर में देश की जानी-मानी ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी फ्लिपकार्ट को उसका ही एक पूर्व कर्मचारी लाखों रुपए का चूना लगा रहा था. पेशे से इंजीनियर आरोपी बड़े ही शातिर अंदाज में फ्लिपकार्ट से एप्पल के असली एयरपॉड्स मंगा कर उसे डिब्बे से निकाल लेता था और फिर डिब्बे में नकली एयरपॉड्स रख कर रिटर्न कर देता था. इस काम में फ्लिपकार्ट की कूरियर कंपनी का डिलेवरी बॉय उसकी मदद करता था. बाद में असली एयरपॉड्स को स्थानीय दुकानदार को बेच देता था.

**एप्पल ने शिकायत की थी -** पूरे मामले का खुलासा एप्पल कंपनी द्वारा पुलिस को की गई शिकायत के बाद हुआ. पुलिस ने आरोपी फ्लिपकार्ट के पूर्व कर्मचारी शुभम मिश्रा के साथ उसके दोस्त डिलेवरी बॉय अंकित रैकवार और एयरपॉड्स खरीदने वाले दुकानदार कैलाश आसवानी को गिरफ्तार कर लिया है।

## खौफ के चलते दिल्ली से भागा कोरोना संक्रमित मरीज, गुरुग्राम में पकड़ा गया

**संवाददाता।** दिल्ली से भागा एक संक्रमित मरीज गुरुग्राम में मिला है। वह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह ओमिक्रॉन को लेकर काफी पैनिक हो गया था और वह स-रकारी अस्पताल में उपचार कराना नहीं चाहता था। जानकारी के अनुसार एक 30 वर्षीय युवक यूके से वापस दिल्ली लौटा था। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसकी आरटी पीसीआर रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई जिसके बाद उसे संक्रमण के बारे में बताया गया। साथ ही उसे हा गया कि रिपोर्ट निगेटिव आने तक उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ेगा। यह सुनते ही युवक ने कहा कि वह किसी सरकारी अस्पताल में जाकर इलाज नहीं कराना चाहता। उसे प्राइवेट अस्पताल में ही इलाज कराना है। इसके बाद ह-वाई अड्डे से एक एंबुलेंस मरीज को लेकर साकेत स्थित मैक्स स्मार्ट अस्पताल पहुंची। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात एंबुलेंस मरीज को लेकर वहां आई थी लेकिन मरीज नीचे नहीं उतरा। उसके पिता भी साथ में थे और उन्होंने ही अस्पताल का फॉर्म भरा था। इस-के बाद वे बेटे को भेजने की बात कहते हुए बाहर चले गए और काफी देर तक जब नहीं आए तो अस्पताल प्रबंधन ने रात में ही दक्षिणी दिल्ली जिला प्रशासन को मिसिंग शिकायत दर्ज कराई। जिला प्रशासन का कहना है कि मरीज के मिसिंग की सूचना मिलने के बाद तत्काल पांच लोगों की एक टीम बनाई गई और आसपास सभी अस्पतालों में जांच की गई। बाद में मेदांता अस्पताल ने मरीज के वहां होने की पुष्टि की और फिर टीम वहां से मरीज को वापस लेकर आई है और उसे मैक्स स्मार्ट अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि मरीज दिल्ली पुलिस का जवान है लेकिन दिल्ली पुलिस की ओर से जब इस बारे में पता किया गया तो अधिकारियों ने जानकारी न होने का हवाला दिया।

## गया के आसमान में दिखी चमगादड़ की बड़ी प्रजाति, विशेषज्ञों ने जतायी चिंता



**संवाददाता।** प्रिंस कालेबसन, गया शहर के आसमान में ग्रेटर इंडियन फ्रूट बैट (चमगादड़ की बड़ी प्रजाति) की मौजूदगी मिली है। गांधी मैदान व इसके आसपास के इलाके में ये पाये गये हैं। इंडियन फ्लाइंग फॉक्स के नाम से भी जाने जाने वाले ये चमगादड़ 0.6 किलो से 1.6 किलो तक के होते हैं। अब तक शहर में इतनी बड़ी संख्या में चमगादड़ की इस प्रजाति को नहीं देखा गया था। शोध विशेषज्ञों के मुताबिक गया में कॉमन पीपी स्ट्रीलो व ग्रेटर येलो हाउस बैट की प्रजातियां पायी जाती हैं, जो 200 से 300 ग्राम के होते हैं। लेकिन, ग्रेटर इंडियन फ्रूट बैट की मौजूदगी पहली बार मिली है। यह शहर के लिए चिंता का विषय है। यह चमगादड़ सात खतरनाक वायरस का वाहक है व कई बीमारियां फैलाता है।

यह मुख्य तौर पर निपाह वायरस, रैबिज वायरस, सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (सार्स), मार्स सीओवी, मारबर्ग वायरस व हेंड्रा वायरस का वाहक है। मगध विश्वविद्यालय के पीजी डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी के पीएचडी स्कॉलर मो. दानिश के मुताबिक गया शहर व इसके आसपास इस प्रजाति के चमगादड़ पहले कभी नहीं देखे गये हैं। उन्होंने कहा कि अब यह शोध का विषय है कि ये चमगादड़ गया में कैसे और क्यों आये हैं। मुख्य तौर पर चमगादड़ की यह प्रजाति राज्य में पटना के चिड़ियाघर में पाई जाती है। गया में इसकी मौजूदगी अभी समझ से परे है।

## ओवैसी के मंच से बाहुबली अतीक अहमद के बेटे को शायरी सुनाना पड़ा महंगा, कई धाराओं में केस दर्ज



**संवाददाता।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की सभा में शायरी सुनाना पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के बेटे अली के गले की फांस बनता जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में अतीक के बेटे अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. हालांकि जमानती धा-राएं होने की वजह से पुलिस ने बाहुबली के बेटे की गिरफ्तारी नहीं की है, अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों का दावा है कि प्रयागराज पुलिस इस मामले में जल्द से जल्द अपनी जांच पूरी कर बाहुबली के बेटे अली के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में हैं।

**इन धाराओं में केस दर्ज -** अतीक के बेटे पर शायरी के जरिये सरकारी काम में बाधा डालने, सरकारी कर्मचारियों को धमकाने और धार्मिक भावनाएं भड़काकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है. यह एफआईआर दर्ज होने से अतीक के छोटे भाई पूर्व विधायक अशरफ और बड़े बेटे उमर के बाद बाहुबली के परिवार के चौथे सदस्य पर भी कानूनी शिकंजा कसने लगा है।

## ग्राम डिहुली में भालू के हमले से ग्रामीण किसान की हुई मौत



**संवाददाता।** राजकुमार, केल्हारी में बीते दिन डिहुली निवासी प्रेमलाल को भालू के हमले से घायल होने पर केल्हारी अस्पताल लाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मनेन्द्रगढ रेफर किया गया था बाद में मनेन्द्रगढ से बैकुंठपुर रेफर किया गया। भालू के हमले से नाक व आंख पूरी तरह से नष्ट हो गए थे। जिसके चलते काफी ज्यादा खून बह जाने के कारण ग्रामीण किसान को बचाया नहीं जा सका।

बीते दो महीनो के अंदर भालू 6 से ज्यादा ग्रामीणों पर हमला कर चुका है, जिसमें से बीते दिन प्रेमलाल की मृत्यु हो गई है। ग्राम डिहुली में भालू का आतंक इतना बढ़ गया है कि ग्रामीण हमेशा डरे सहमे हुए रहते हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों के अलावा छोटे-छोटे बच्चों को भी विद्यालय आते-जाते वक्त भालू का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों की मांग है कि इस आदमखोर भालू को यहां से ले जाकर किसी अन्य जंगल में छोड़ दिया जाए।

## 3 फुट की होने के कारण सभी लोग उड़ाते थे मजाक, आरती ने आईएएस बन कर दिया जवाब



**संवाददाता।** आरती डोगरा का जन्म उत्तराखंड के देहरादून में हुआ था। उनके पिता राजेंद्र डोगरा इंडियन आर्मी में कर्नल रहे हैं और मां कुमकुम डोगरा स्कूल की प्रिंसिपल हैं। आरती के जन्म के समय पिता चिकित्सकों ने उनके माता-पिता को बताया था कि आरती की हाइट ज्यादा नहीं बढ़ेगी। इसके बाद आरती के माता-पिता ने उन्हें बेहतरीन पढ़ाई-लिखाई की सुविधाएं मुहैया कराईं। आरती की शुरूआती शिक्षा-दीक्षा उत्तराखंड में हुई। देहरादून के मशहूर Welham Girls School में आरती डोगरा ने पढ़ाई की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में ग्रेजुएशन करने के बाद आरती डोगरा ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की थी। बताया जाता है कि ग्रेजुएशन के बाद आरती डोगरा आगे की पढ़ाई के लिए देहरादून लौट आईं। यहां उनकी मुलाकात उत्तराखंड की पहली महिला आ-ईएएस अफसर मनीषा पनवार से हुई थी। मनीषा पनवार से मिलने के बाद आरती उनसे काफी प्रभावित हुईं और फिर इसके बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। वर्ष 2006-2007 में आईएएस की ट्रेनिंग के बाद आरती डोगरा को सबसे पहले उदयपुर के एडीएम के तौर पर पोस्टिंग दी गई। इसके बाद ये अलवर व अजमेर के ब्यावर में एसडीएम भी रहीं। बतौर जिला कलेक्टर इन्हें वर्ष 2010 में बूंदी लगाया गया। फिर बीकानेर और अजमेर की जिला कलेक्टर के रूप में भी सेवाएं दीं। जोधपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक भी रहीं। 1 जनवरी 2019 को मुख्यमंत्री की विशेष सचिव नियुक्त होने से पहले 19 दिसम्बर 2018 से 31 दिसम्बर 2018 तक मुख्यमंत्री की संयुक्त सचिव पद पर रहीं। बीकानेर में जिला कलेक्टर रहते आरती डोगरा ने बंको बिकाणो अभियान की शुरूआत की थी। इसमें लोगों को खुले में शौच ना करने के लिए प्रेरित किया गया। गांव-गांव पक्के शौचालय बनवाए गए, जिसकी मॉनीटरिंग मोबाइल सॉफ्टवेयर के जरिए की जाती थी। यह अभियान 195 ग्राम पंचायतों तक सफलता पूर्वक चलाया गया।






मुजफ्फरनगर जिले के ग्राम जड़ौदा में आयोजित दिल्ली क्राइम प्रेस की मीटिंग में विरेन्द्र सिंह बघेल, बागपत जिले से आए हुए मनोज कबीरा पत्रकार, मेरठ जिले से राजू पत्रकार, जोनल एडवाइजर अजीत सिंह, एरिया एडवाइजर डॉक्टर शकील खान, न्यूज सपोरटर अय्यूब हसन, सलीम खान, अंकुर व अन्य लोग मौजूद रहे।।

dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 3





## सम्पादकीय, नरेंद्र कुमार

## दिल्ली क्राइम प्रेस ने लिया देश को अपराध मुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प

"मुश्किल नहीं है कुछ भी अगर ठान लीजिये" भारत मे भ्रष्टाचार और अपराधों पर नकेल कसने के लिए सरकारी, गैरसरकारी तमाम संस्थाएं कार्य कर रही हैं, सरकारी संस्थानों जैसे सीबीआई [सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन या केन्द्रीय अन्वेषन ब्यूरो], सीवीसी [चीफ विजिलेन्स कमीश या मुख्य सतर्कता आयुक्त], आईबी [इंटेलेजेंसी ब्यूरो या भारत की बुद्धिमत्ता सेवा, सीआईडी [क्राइम इंवेस्टिगेशन डिपार्टमेंट या अपराध अन्वेषन विभाग], एल आइ यू [लोकल इंटेलिजेंसी यूनिट या स्थानीय बुद्धिमत्ता एकांश], रा [रिसर्च एंड एनलायजिंग विंग], एन आइ ए [नेशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी] आदि जिन पर केंद्र व राज्य सरकारों के बजट का बड़ा हिस्सा खर्च होता है, इतना होने के बाद तथा मीडिया और शोशल मीडिया की सशक्त मौजूदगी के बावजूद भ्रष्टाचार रूपी विषवृक्ष लगातार फलता फूलता जा रहा है! रही बात गैर सरकारी अपराध व भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं की तो इनका काम महज इतना ही माना जा है सकता है कि इन्होने केवल अपना नाम चमकाया है या दिखावे की समाज सेवा की है या कानूनों का पालन कराने वाली अर्जेसियों को धमकाने का काम किया है, दबाव बनाकर अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को मदद ही पहुंचाई है और अपवाद स्वरूप कुछ को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर ने अपराध और भ्रष्टाचार उन्मूलन के नाम पर केवल अपना ऊल्लू ही सीधा किया है! यदि भ्रष्टाचार पर नकेल कसेगी तो अपराध उन्मूलन भी शर्तिया होगा क्योंकि भ्रष्टाचार और अपराधों का चोली दामन का साथ है! दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा समाचार पत्र व एनजीओ के सदस्यों, रिपोर्टरों, पाठकों की राष्ट्र व्यापी उपस्थिती जो भारत के लगभग सभी राज्यों तक पहुँच चुकी है, नाम की समाज सेवा नहीं करके वास्तविक समाज सेवा कर रहे हैं, बगैर दिखावा किए, लोगों, समाजों, शोषितों और लाइन मे खड़े अंतिम व्यक्ति को जागरूक कर रहे हैं, शिक्षित कर रहे हैं, प्रभावशाली, गौरवशाली, रोजगार मे संलग्न कर रहे हैं, देश के चप्पे चप्पे की खबर तथा अपराध व भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए तमाम सूचना दिल्ली क्राइम प्रैस व एनजीओ मुख्यालय को साथ ही राज्यों व केन्द्रीय कानून पालक एजेंसियों को लगातार दे रहे हैं, अपराधियों व भ्रष्टाचारियों को सशक्त चुनौती दे रहे हैं तो क्यों न माना जाए कि दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा प्रैस व एनजीओ भारत भर मे अपराधियों व भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने का संकल्प ले चुके हैं !

# रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी

आज भारी बेरोजगारी के युग में तरह तरह से देश के युवा या रोजगार पाने के इक्षुक लोगों को ठगने के लिए चाहे ग्रामीण इलाके हों या शहरी, हर जगह घाघ किस्म के शातिर लोग स्त्री या पुरुष गिद्ध सरीखे निगाह जमाये बैठे हैं कि कब कोई शिकार फंसे और उल्लू बने! इसकी बानगी देखने को मिली जब एक राष्ट्रीय समाचार पत्र मे एक विज्ञापन छपा देखा, जिसका मजमून था "आप 50000 से 100000 रुपए तक प्रतिमाह कमा सकते हैं अगर आपकी हस्तलिपि सुंदर है तो"! दिये गए नंबर पर फोन किया गया जहां बताया गया कि आपको हमारे ऑफिस मे विजिट करना होगा, एक सरकारी आइ कार्ड के साथ, रजिस्ट्रेशन के लिए 100 रुपए देने होंगे! सिलसिला शुरू होता है जब एक डेस्क पर बैठने के बाद बताया जाता है कि आपका टेस्ट लिया जाएगा जिसमे तय फॉर्मेट मे कंटैंट लिखना होगा जो हम आपको देंगे, उससे पहले पेंसिल से डेढ़ सेंटी मीटर कि दूरी पर समानांतर लाइनें खींचनी हैं, यह भी बताया गया कि हर अक्षर पर कलम उठानी होगी, केवल इंग्लिश मे ही लिखना है आदि आदि! जैसा कि उम्मीद थी, टेस्ट मे पास हो गए, रजिस्ट्रेशन शुल्क




जमा करने के बाद सीनियर से मीटिंग होगी बताया गया, सीनियर के नाम पर लगभग 35-40 वर्षीय महिला बैठी हुई थी जिन्होने बताया कि आपको 5000 रुपये जमा करने होंगे सेक्योरिटी के नाम पर, 5 दिन का प्रोजेक्ट होगा जिसमे ए4 साइज के पेपर पर 70 पेज प्रतिदिन लिखना होगा, 5 दिन मे 350 पेज लिखने होंगे 35000लाख अक्षर होने जरूरी हैं, अग्रीमेंट स्टांप पेपर पर किया जाएगा आदि आदि!

अब प्रश्न यह है कि यह शर्त क्या पूरी हो पाएगी, सुधी पाठक खुद सोचें! क्या यह प्रतिभाशाली युवाओं के साथ छल या धोखाधड़ी नहीं है जो असंभव सी शर्तें थोंपी जाती हैं! ऐसा पूरे भारत के चप्पे चप्पे मे हो रहा है, केंद्र सरकार व राज्यों की सरकारें इस तरह की धोखाधड़ी पर लगाम लगाने मे सर्वथा विफल हैं अतः इस तरह की धोखा धड़ी से खुद ही बचें और लोगों को जागरूक करें!

**प्रदीप कुमार, कार्यकारी संपादक**

**दिल्ली क्राइम प्रेस से जुड़ने व अपने विचार भेजने के लिए-8588881461 व्हाटसप और टेलीग्राम करें**

# दिल्ली काईम प्रेस के पत्रकारों ने की गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी से मुलाकात

**संवादाता।** दिल्ली काईम प्रेस के पत्रकारों ने की गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी से मुलाकात



गुजरात से वरिष्ठ पत्रकार अंकिता दिलीप वर्मा ने अपने साथी पत्रकार संपूणार्नंद गौतम, दिलीप वर्मा, रेनू उपाध्याय, धर्मेंद्र मौर्या, जिनारुल शेख, अरुन शर्मा के साथ गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी से मुलाकात की। गृह मंत्री ने पत्रकारों से कहा वे सम्मान नहीं काम करने पर विश्वास रखते हैं, जनता उनसे हर काम का हिसाब मांग सकती हैं। उन्होंने दिल्ली क्राइम प्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे जागरूकता अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों तक पहुँच कर उन्हें जागरूक करना होगा। गृह मंत्री दिल्ली क्राइम प्रेस व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की मुहिम से काफी प्रभावित दिखे और इसमें हर प्रकार से साथ देने की बात कही।

## राजेश सिद्धनाथ खैरनार की तृतिय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**संवादाता।** 21/09/2021 को कपिलबस्तु ट्रस्ट एव खैरनार परिवार की तरफ सेराजेश सिद्धनाथ खैरनार को विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर खैरनार परिवार के रविन्द्र सिद्धनाथ खैरनार, मंगला रविन्द्र खैरनार, सुदम खैरनार, अनिता खैरनार, अरुण खैरनार, पूनम खैरनार, मनीषा खैरनार, मोहित खैरनार, रोहिनी खैरनार, मेघा खैरनार, आकांक्षा खैरनार, रोहित खैरनार, तीर्थराज खैरनार, स्नेहा खैरनार, सुमित खैरनार, नयन खैरनार, रेखा खैरनार, हार्दिक खैरनार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ के जवानों के परिजनों को मिलेंगे 35 लाख रुपए




सीआरपीएफ [सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स या केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल] के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सितंबर माह मे अर्धसैनिक बल की सालाना गवर्निंग बॉडी की बैठक मे यह फैसला लिया गया है कि सीआरपीएफ जवानों की सेवा [duty] या किसी कार्यवाई के दौरान शहीद होने पर जवान के परिजन को मिलने वाली मदद राशि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है!

नए नियमों के मुताबिक लड़ाई के दौरान शहीद होने पर जवान के परिजन को अब 21.50 लाख रुपए की जगह 35 लाख रुपए मिलेंगे, इसी तरह ड्यूटी के दौरान या सर्विस मे होते हुए हादसे, आत्महत्या या बीमारी की वजह से हुई मौत पर पहले 16.50 लाख रुपए की जगह अब 25.00 लाख रुपए मिलेंगे!

**प्रदीप कुमार, कार्यकारी संपादक**

## कानफाड़ू हॉर्न की जगह सुरीले संगीत की स्वरलहरियाँ






**संवादाता।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एक ऐसा कानून बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं जिसके लागू हो जाने के बाद सड़क पर चलने वाले वाहनों मे कर्कश हॉर्न की जगह तबला, हारमोनियम, बांसुरी, वाइलीन या अन्य सुरीले वाद्य यंत्रों की ध्वनियाँ सुनाई देंगी जबकि पुलिस या सुरक्षा बलों की गाड़ियों मे बजने वाले सायरन (हूटर) की जगह आकाशवाणी का सिग्नेचर ट्यून सुनाई देगा! गडकरी के अनुसार मंत्रियों या वीआईपी मोवमेंट के समय बजने वाले हूटर से जनता को बेहद परेशानी होती है इस लिए ऐसी तैयारी की जा रही हैं और ऐसा कानून लाया जा रहा है कि वाहनों के हॉर्न से कनफड़ू ध्वनि की जगह मधुर आवाजें सुनाई दें!

# आप का मंच

**विवाह की उम्र में बदलाव सरकार का सराहनीय कदम**

सरकार ने हाल ही में कानून बनाया है कि महिलाओं के विवाह की उम्र 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष कर दी गई है जो कि एक सराहनीय कदम है। यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक रामबाण साबित होगा, 21 की उम्र में महिलाएं अपने भविष्य के बारे में अधिक जागरूक होकर सोच सकती हैं। सरकार के इस कदम से हमारा आने वाला समाज और भविष्य और अधिक अच्छा हो पाएगा साथ ही सरकार अपराध के मामले में भी अपराधियों की उम्र बदलाव करें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

-रहमत

**100 करोड़ वैक्सीन सच में बड़ी उपलब्धि, सरकार के साथ लोगों ने भी की पहल**

भारत में कोरोना वैक्सीन की 100 करोड़ से भी ज्यादा डोज लग चुकी है जो रोजाना बढ़ती चली जा रही है। पूरे विश्व में कई देशों की जनसंख्या के बराबर भारत में रोजाना वैक्सीनेशन हो रहा है जिसका परिणाम ही है कि भारत में वैक्सीनेशन का आंकड़ा काफी ऊपर जा चुका है। वैक्सीनेशन के इस बड़े आंकड़े को हासिल करने में सरकार के साथ-साथ भारत के लोगों ने भी अहम भूमिका निभाई है, यह आंकड़ा इस बात का गवाह है कि अगर भारत के लोग चाहे तो वह बड़ी से बड़ी उपलब्धि को आसानी से हासिल कर सकते हैं। लोगों को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि खतरा अभी टला नहीं है अफ्रीका व अन्य देशों में कोरोना के नए-नए वैरीअंट मिल रहे हैं इसलिए हमें अभी भी सावधानी की जरूरत है।

ओम शुक्ला

**करोड़ों रुपए टैक्स के मिलने के बाद भी प्रदूषण कम नहीं कर पा रही सरकार**

दिल्ली व एनसीआर में सरकार को प्रदूषण के नाम पर करोड़ों रुपए का टैक्स मिलता है लेकिन हर साल सर्दियों के समय यहां पर विश्व में सबसे ऊंचे स्तर का प्रदूषण फैला रहता है। जिसके लिए सरकार छोटे-मोटे प्रयास करती है तथा अंत में वाहनों व किसानों के पराली जलाने को जिम्मेदार ठहरा कर आराम से बैठ जाती है, हर वर्ष प्रदूषण का स्तर इतना ऊंचा जाने के बाद भी सरकार इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाती, जिसका नतीजा है कि दिल्ली व एनसीआर के लोगों को सांस संबंधी बीमारियां होती जा रही हैं, डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण में रहने वाले लोगों की आयु भी साफ वातावरण में रहने वाले लोगों की तुलना में कम होती जा रही है। सभी लोग प्रदूषण के नाम पर टैक्स दे रहे है फिर भी उन्हें साफ वातावरण नहीं मिल रहा। जिसके लिए सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है।

काजल

**पेट्रोल के दाम बढ़ाकर केवल कुछ कीमत घटाना जनता के साथ ठगी**

कुछ समय पहले तक भारत के सभी राज्यों में पेट्रोल के दाम 75 के आसपास हुआ करते थे लेकिन लगातार बढ़ते दामों के चलते सरकार ने पेट्रोल के औसतन रेट 110 तक पहुंचा दिए थे। लोगों का लगातार विरोध झेलने के बाद सरकार ने पेट्रोल के दाम में कुछ कटौती की, लेकिन आज भी दाम ₹100 से ऊपर पहुंच चुके हैं। जब सरकार पेट्रोल पर करीब 30 तक बढ़ा सकती है तो है कटौती 10 तक की क्यों कर रही है, पेट्रोल की बढ़ी कीमतों के कारण सब्जी, मसाले, दूध व अन्य जरूरत की चीजें महंगी होती जा रही हैं जिसके कारण गरीब लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को चाहिए कि पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाकर सभी को सस्ती दर पर पेट्रोल उपलब्ध कराएं ताकि लोगों को बढ़ती हुई महंगाई से राहत मिले।

अशोक

**लगातार दुष्कर्म का शिकार हो रही बच्चियों की सुरक्षा के लिए समाज व कानून में बदलाव की जरूरत**

वाराणसी में कक्षा तीन की छात्रा के साथ वॉशरूम में दुष्कर्म की घटना होना समाज के लिए एक शर्मनाक घटना है भारत में बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है लेकिन कुछ दरिंदे अपनी हवस की आग मिटाने के लिए छोटी बच्चियों को तक नहीं बख्शते। आये दिन छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म होने के समाचार सुनने को मिलते रहते हैं। सामाजिक लोगों की लगातार मांग के बाद भी सरकार इन दरिंदो पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। दुष्कर्म की घटनाओं को रोकने के लिए भारत में भी सख्त कानून लागू होने के साथ लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। कानून किसी भी अपराधी को वारदात होने के बाद सजा देता है लेकिन समाज के लोग जागरूक रहें तो वे वारदात होने से रोक सकते हैं।

कैलाश सिंह राजपूत

dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 4





जनपद मेरठ के थाना फलावदा में पुलिस सब इंस्पेक्टर को दिल्ली क्राइम प्रेस की डायरी देकर सम्मानित करते हुए एरिया एडवाइजर शिवकरण प्रजापति व मुजफ्फरनगर के रिपोर्टर सत्येंद्र सैनी।


उत्तर प्रदेश जिला बरेली ग्राम शिव नगर के राजेश्वर सिंह को दिल्ली क्राइम प्रेस का आई कार्ड देकर रामवीर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर वहां मौजूद लोगों के साथ मीटिंग करके दिल्ली क्राइम प्रेस की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।


दिल्ली क्राइम प्रेस के सदस्य सतीश कुमार साक्षी बिरला, कंवरपाल, सुभाष, धर्मेंद्र कुमार, जलीस त्यागी जसविंदर सिंह के द्वारा हरिद्वार में मीटिंग का आयोजन किया गया।


थाना भवन शामली उत्तर प्रदेश में असिस्टेंट ब्यूरो चीफ राजकुमार कश्यप की अगुवाई में दिल्ली क्राइम प्रेस की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल एडवाइजर अनीता सिंह, संजय, महबूब और अन्य सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।


ग्राम मेघमा, सिमडेगा, झारखंड में दिल्ली क्राइम प्रेस के सदस्य कमलेश सनमानी की अगुवाई में भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर सुनीता सनमानी, संगीत, राज, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, सतपाल दास व अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पारंपरिक भोजन का भी आयोजन किया गया।

## गुमशुदा की तलाश
## नाम :- अरूण कुमार

उम्र :— 18 वर्ष
रंग :— गेहुआ
शरीरः— इकहरा
पहनावा :— काले रंग का लोवर व उक्त फोटो वाली शर्ट पहने हुऐ है।



Bvc 495013

गाजियाबाद से दिनांक 29.11.2021 से लापता है जिस किसी व्यक्ति को भी पता चले तुरन्त निम्नलिखित नं० पर सूचित करें। मों० नम्बर 9675310704, 7078561175

ग्राम भलेडी कस्बा व थाना जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर उ०प्र० 251314


दिल्ली जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर में लोगों के बीच दिल्ली क्राइम प्रेस न्यूज पेपर का प्रचार करते हुए सुनील सिंह जोनल एडवाइजर एवं रिपोर्टर।


जनपद मुजफ्फरनगर के कचहरी परिसर में दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर का प्रचार-प्रसार करती हुई 73 वर्ष की एडवोकेट संतोष बालियान व ललिता सिंह।


मुबारकपुर आजमगढ़ उत्तर प्रदेश में दिल्ली क्राइम प्रेस की टीम के सदस्यों ने दिल्ली क्राइम प्रेस का प्रचार किया। इस अवसर पर सुमित दुबे, गुड्डू, राजीव कुमार, अंगद यादव, आकाश, संदीप विश्वकर्मा और अमित आदि लोग मौजूद रहे।


दिल्ली क्राइम के टीम लीडर संजय, सोहन लाल व सहारनपुर के रकम सिंह के द्वारा सिंधियान्ना गांव में मीटिंग का आयोजन किया गया।


सोनितपुर असम में दिल्ली क्राइम प्रेस का प्रचार करते हुए टीम लव कुमार।



बिलासपुर छत्तीसगढ़ में दिल्ली क्राइम प्रेस व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा का प्रचार करते हुए व लोगों के दिल्ली क्राइम के बारे में जानकारी देती टीम अजय सिंह विशेन


मेरठ जिले के ग्राम सिसौला बुजुर्ग दिल्ली क्राइम प्रेस की मीटिंग का हुआ आयोजन इस अवसर पर सीनियर लीडर वीरेंद्र सिंह बघेल, बागपत जिले से आए हुए मनोज कबीरा पत्रकार, मेरठ जिले से राजू पत्रकार, न्यूज सपोर्टर सौदान सिंह, जाबिद,बबलू, अनवार भाई व अन्य लोग मौजूद रहे।


मुजफ्फरनगर के ग्राम कुकडा स्थित नाले की पटरी पर पानी की टंकी के पास राजवंश इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापक सीमा शर्मा को दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर के बारे में जानकारी देते हुए जोनल एडवाइजर निखिल सैनी।


दिल्ली डाबरी थाना क्राइम पेट्रोल टीम व पीसीआर तथा अन्य सुरक्षा एजेंसी को सहयोग करते हुए व दिल्ली क्राइम प्रेस की जानकारी देते हुए सुनील सिंह जोनल एडवाइजर व रिपोर्टर।



दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के हेड ऑफिस में लीडर वीरेंद्र सिंह बघेल द्वारा रिपोर्टरों को सर्टिफिकेट वितरित किये गए।


दिल्ली क्राइम प्रेस के सदस्य राकेश खंडपाल की दोनो टांगे नही हैं लेकिन काम करने का जज्बा इतना है कि ये अपनी टीम की हर मीटिंग में भाग लेते है। इनका काम करने का हौसला सच में हमारे लिए प्रेरणादायक है।


Krypto.

Win Bitcoin worth upto ₹10,000.



REWARDS ON REFERRAL.

BVC608616

3D-SPACE interiors
We shape your dreams
Architects, Construction, Turnkey Solution
Structure Consultant, Interior Designers
Project Management Consultancy



Ar. Shiv Shankar Bansal
B.Arch, B.Tech (Civil)
A.M.I.E. (India), A.I.I.A.
9891390186
7701825341

C-8/49, Sector-8, Rohini (Near Gurudwara)
Ph.: 011-47071494, 9211963244 (O)
3dspaceinteriors17@gmail.com www.3dspaceinteriors.com

dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 5





थाना बजीरगंज जिला बदायूं महिला पुलिस को दिल्ली क्राइम प्रेस न्यूज पेपर भेंट कर संस्था के बारे में जानकारी देते दिल्ली क्राइम प्रेस के जनसंपर्क अधिकारी मोहित सोनी, सुनीता सोनी व जौली सोनी।





दिल्ली क्राइम प्रेस के ऑफिस लक्ष्मी नगर में रिपोर्टर ज्योति चौहान द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इस अवसर पर लीडर राजकुमार व अन्य टीम मेंबर उपस्थित रहे।





दिल्ली क्राइम प्रेस के ऑफिस में बाइक अचीवर रिपोर्टर ज्योति चौहान को दिल्ली क्राइम प्रेस की टीम के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकुमार कश्यप, मुकेश गुप्ता, काजल शर्मा व सुशील कुमार उपस्थित रहे।



हावड़ा जिले के लिल्लुआ में पश्चिम बंगाल तृणमूल युवा कांग्रेस के राज्य सचिव एवं हावड़ा जिला के 62 नम्बर वार्ड के कॉउन्सलर कैलाश मिश्रा को दिल्ली क्राइम न्यूज पेपर के बारे मे जानकारी देते हुए रिपोटर रौशन मिश्रा।





थाना नई मंडी चौकी प्रभारी मानवेंद्र सिंह व सीमा शर्मा को डायरी देकर सम्मनित करते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस के रिपोर्टर।



जनपद मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी चौकी अलमासपुर में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिल्ली क्राइम प्रेस के बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस के रिपोर्टर।



सलेमपुर बहादराबाद हरिद्वार में दिल्ली क्राइम प्रेस के द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया इस अवसर पर सतीश कुमार, कंवरपाल सिंह, साक्षी, सुभाष चंद, धर्मेंद्र कुमार, जगदीश, जैलिश त्यागी, जसविंदर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



शिवपुरी, मध्य प्रदेश के नगर कोतवाल सुनील के साथ शिष्टाचार भेंट करते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस की लीडर गुरमीत कालरा और मीनाक्षी गाबा।



दिल्ली क्राइम प्रेस बिलासपुर संगठन के सदस्यों को किया गया सम्मनित।



दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी के सदस्य ने अयोध्या क्षेत्र के रायगंज पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल सुभाष सिंह को दिल्ली क्राइम प्रेस के बारे में दी जानकारी जोनल एडवाइजर वसन्त विहार थाना दीपावली पर डी ओ साहब को फूलों से सम्मानित करते हुए प्रकाश रैकवार।



कासगंज, बिहार के जिला सूचना अधिकारी रंजीत कुमार को दिल्ली क्राइम प्रेस के विषय में अवगत कराते हुए प्रेस रिपोर्टर राज कुमार मंडल।



थाना अध्यक्ष विवेक विहार अजय कुमार को दिल्ली क्राइम प्रेस के वरिष्ठ पत्रकार कमल गुरनानी व अनिल कुमार पाल ने दिल्ली क्राइम समाचार देकर सम्मानित किया।



खरगापुर थाने के एसआई रामलाल को डायरी देकर सम्मानित करते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस के जोनल एडवाइजर प्रकाश रैकवार।



अहमदाबाद के नरोडा पटिया जबाहर नगर में आयोजित दिल्ली क्राइम प्रेस की मीटिंग में टीम लीडर राबिया बसरी, भुरीया दिनेश भाई दीताभाई डामोर व प्रवीण भाई मछार ने अपनी टीम को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।



जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम जड़ौदा में दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा नेशनल हिंदी न्यूज पेपर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर दिल्ली से आए लीडर वीरेंद्र सिंह बघेल व मुजफ्फरनगर से कुकड़ा मंडल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सैनी ने महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अन्य सदस्यों को सम्मनित किया गया।



अलवर राजस्थान के खैरथल थाना अधिकारी शेरसिंह कों दिल्ली क्राइम प्रेस व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की जानकारी देकर सम्मानित करते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस टीम के जयबीर सिंह व उनकी टीम।

## दिल्ली क्राइम प्रेस की सदस्य ने किया रक्तदान



दिल्ली क्राइम प्रेस की सदस्य फ्रूमो लामों ने सिलीगुड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दान किया उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वे समय-समय पर समाज सेवा का कार्य करती रहती है, इसी बीच कुछ दिन पहले उन्हें पता चला कि उनके क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे आयोजक रक्त एकत्रित करके जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाएंगे। इसके बाद उन्होंने रक्तदान शिविर में भाग लेने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी उसमें सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर फ्रूमो लामों व अन्य लोग मौजूद रहे।

dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 6



# Calendar 2022

DELHI CRIME BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

**January**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

**February**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | | | | | |

**March**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

**April**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

**May**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

**June**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

**July**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

**August**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**September**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |

**October**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

**November**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

**December**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

## पीएम मोदी का ट्विटर एकाउंट हुआ हैक, सरकारी महकमे में मचा हड़कंप




**संवादाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट को शनिवार देर रात हैकर्स ने हैक कर तीन मिनट के भीतर दो ट्वीट कर दिए। इससे सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। ये ट्वीट देर रात करीब 2.11 बजे से 2.15 के बीच किए गए। वहीं इस घटना के बाद से सरकार अब हरकत में आ गई है। अधिकारी अब हैकर्स का पता लगाने के लिए एड़ी चोटी का जोड़ लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सरकार ने इसकी जांच के लिए खास टीम लगा दी है जो कि लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के जरिए हैकर्स का पता लगाएगी।

सूत्रों के अनुसार हैकर्स का पता लगाने के लिए इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (CERT-IN) को लगाया गया है और वह इसके सोर्स का पता लगाने का कोशिश कर रही है। हैकिंग का पता लगाने के लिए यह टीम लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। CERT-IN केंद्र सरकार की एक विशेष जांच एजेंसी है जो मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी के अंदर काम करती है। इसका काम भारत सरकार की हैकिंग और फिशिंग जैसे गंभीर साइबर खतरों से निपटना है। वहीं अब ट्विटर ने इस घटना पर बयान जारी कर सफाई दी है। ट्विटर स्पोक्स ने कहा कि हमारे पास प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ संचार की 247 खुली लाइनें हैं और जैसे ही हमें इस गतिविधि के बारे में पता चला, हमारी टीमों ने प्रभावित अकाउंट को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। हमारी जांच से पता चला है कि इस समय किसी तरह के खतरे का कोई संकेत नहीं हैं।




मंठा औरंगाबाद परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक मल्लिकार्जुन प्रसन्ना और जालना के पुलिस अधीक्षक विनायक देशमुख का मंठा पोलीस स्टेशन में सत्कार करते हुए दिल्ली क्राइम न्यूज रिपोर्टर उस्मान खान पठान।

## डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने कहा- ओमिक्रोन पूर्व वैरियंट के मुकाबले ज्यादा संक्रामक, लेकिन डेल्टा से कम घातक होने की उम्मीद

**संवादाता।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अढानम घेब्रेयेसस ने कहा है कि डेल्टा के मुकाबले कोविड का ओमिक्रोन वैरिएंट कम घातक हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े निजी स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क नेटकेयर लिमिटेड व अमेरिका के सीडीसी ने भी ओमिक्रोन वैरिएंट से संक्रमितों में हल्के लक्षण देखे जाने की बात कही है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, 'फिलहाल किसी नतीजे पर पहुंचाना जल्दबाजी होगी। दक्षिण अफ्रीका से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि ओमिक्रोन वैरिएंट से दोबारा संक्रमित होने का खतरा ज्यादा है, लेकिन ठोस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए और अधिक आंकड़ों की जरूरत है।' घेब्रेयेसस ने कहा कि 57 देशों में प्रसार बताता है कि नया वैरिएंट पूर्व के मुकाबले ज्यादा संक्रामक हो सकता है। घेब्रेयेसस ने सभी देशों से जितना जल्दी हो लोगों का टीकाकरण करने और संक्रमण को रोकने वाले उपायों को प्रभावी करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'हम ओमिक्रोन को वैश्विक आपदा बनने से रोक सकते हैं। वायरस में बदलाव हुआ है, लेकिन हमारा संकल्प नहीं बदला।'



## दिल्ली में महिलाओं का गैंग पुरुषों से जबरन बनाता है शारीरिक सम्बन्ध, विरोध करने पर करता है लूट




**संवादाता।** दिल्ली पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि दो महिलाओं की तलाश जारी है। ये महिलाएं गैंग बनाकर शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर लूटपाट करती हैं।

मामले की जांच करते हुए पुलिस ने एक आरोपी महिला को छावला से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार दो महिलाओं की तलाश कर रही है। दिल्ली निवासी एक व्यक्ति अपने ऑफिस से घर जा रहा था जबही रास्ते मे फोन आने की वजह से उसने बाइक रोक दी और बात करने लगा। इसी दौरान तीन महिला उसके पास आई और उस पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए जोर देने लगी। मना करने पर महिलाएं उग्र हो गई और उसे फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी देकर उसे काबू कर लिया। महिलाएं जबरदस्ती उससे सोने की अंगूठी लूटकर फरार हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए एक आरोपी महिला को पकड़ लिया है।


## कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को बेच रहे थे एनजीओ, ऐसे खुला मामला फिर हुआ यह

**संवादाता।** कोरोना वायरस के कारण अपने माता-पिता को खोकर अनाथ हुए बच्चों को बेचने को मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में अनाथ बच्चों को गोद लेने वाले दो एनजीओ संचालकों को गिरफ्तार किया है। एनजीओ भी सील कर दिया गया है। सरकार ने अब अनाथ हो चुके बच्चों की जानकारी जुटाने के आदेश दिए हैं। मामला जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर का है और यह मामला एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद खुला। अधिकारियों के अनुसार कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को बेचने और अवैध तरीके से गोद लेने की खबर पता चली थी। इसमें एक एनजीओ ने दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे।



समेकित बाल सुरक्षा योजना (आईसीपीएस) की मिशन डायरेक्टर शबनम कामिली ने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ पंपोर थाने में मामला दर्ज कराने और कार्रवाई करने की हिदायत दी। इसके बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलवामा के पंपोर में स्थित गैर सरकारी संगठन ग्लोबल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट और दो आरोपियों श्रीनगर के मोहम्मद अमीन राथर और पंपोर के एजाज अहमद डार के खिलाफ एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद कार्रवाई की गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इसके बाद, पुलवामा में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। वहीं, इस बीच कामिली ने सभी बाल कल्याण समिति को कोरोना से अनाथ हुए बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मिलने को कहा है, जो पहले से विभाग की ओर से चिह्नित हैं। इन बच्चों का पूरा ब्योरा केंद्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराने के साथ ही आईसीपीएस निदेशालय को उपलब्ध कराने को भी कहा है।































## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

कार्यकारी सम्पादक – प्रदीप कुमार @ विरधी चंद
मो. 9871659351, 9315078059

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी, जमील बाषा सैयद**
**नरेश ए बाबू–कार्यकारी निदेशक**

**कला सहयोगी– मोहित शुक्ला, मानसिंह**

## सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
• सतीश कुमार जट्टपुरा (करनाल)

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।
प्रदीप कुमार (कार्यकारी सम्पादक)
विशेष :– हर परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल कार्यकारी सम्पादक को है।

सम्पादकीय कार्यालय दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा
बी 8, 3 मंजिल, मोती नगर, नई दिल्ली – 110015
संपर्क – 9315078059
24X7 Customer Care No.
9315078059

## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹ 1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹ 60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹ 90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹ 66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹ 36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹ 51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹ 36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹ 21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹ 30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-





**आवश्यक नंबर काम आने वाले**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुलिस | 100 | आपात हेल्प लाइन | 112 | रेलवे पूछताछ | 139 | प्रधानमंत्री कार्यालय | 23012312 |
| आग | 101 | विष रोधी | 1066 | क्राइम स्टापर | 1090 | बाल सहायता लाइन | 1098 |
| एम्बुलेंस | 102 | ट्रेन दुर्घटना | 1072 | सड़क दुर्घटना | 1073 | नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |
| यातायात पुलिस | 103 | बाल शोषण | 1098 | भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 | एड्स हेल्प लाइन | 1097 |
| चलित अस्पताल | 104 | आपदा प्रबंधन | 108 | किसान कॉल सेंटर | 1551 | रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन | 1322 |
| | | भूकंप | 1092 | महिला हेल्प लाइन | 1091 | दि. स. आपके द्वार सेवा | 1076 |

dc press final:Layout 1 12/23/2021 5:49 PM Page 8





# सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को दिल्ली क्राइम एनजीओ ने अस्पताल पहुँचाया



**संवादाता।** दिल्ली के आईटीओ स्थित डॉल म्यूजियम के पास देर रात करीब डेढ़ बजे स्कूटी सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को दिल्ली क्राइम एनजीओ की नेशनल कॉर्डिनेटर मीनाक्षी निगम ने अस्पताल पहुंचाय। दिल्ली क्राइम प्रेस की नेशनल कॉर्डिनेटर मीनाक्षी निगम ने बताया कि रात करीब 1:30 बजे वह सड़क से गुजर रही थी तभी डॉल म्यूजियम के पास सड़क पर एक व्यक्ति तड़पता हुआ दिखा जो गंभीर रूप से घायल हो चुका था। उन्होंने बताया कि काफी लोग उसे देख रहे थे लेकिन कोई उसकी मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। मीनाक्षी ने तुरंत अपना दुपट्टा घायल के जख्म पर बांधा, मीनाक्षी की पहल के बाद सड़क से गुजर रहे लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं घोंडा चौक निवासी घायल दीपक के परिजनों ने बताया कि दीपक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। दिल्ली क्राइम एनजीओ की मदद से उसे इलाज तो मिला लेकिन ज्यादा घायल होने के कारण उसकी जान नहीं बच पाई।

**दिल्ली पुलिस और प्रशासन की दिखी लापरवाही** - दिल्ली क्राइम एनजीओ की तरफ से दिल्ली पुलिस व एंबुलेंस को घायल के सड़क पड़े होने की सूचना दी गई थी लेकिन समय से न पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ना ही एंबुलेंस, जिसके बाद घायल को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया गया, साथ ही पुलिस द्वारा घायल के वाहन को सही जगह पहुंचाने में लापरवाही की जा रही थी पुलिस सड़क पर पड़े वाहन को लेकर जाने में भी आनाकानी कर रही थी, जिसके बाद दिल्ली क्राइम एनजीओ की टीम ने पुलिस पर दबाव बना कर उनसे सही कार्यवाही करवाई।



नव वधू शिवानी को विवाह के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए दिल्ली क्राइम प्रेस व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा प्रेस व एनजीओ की एडवाइजर व राष्ट्रीय संयोजक मीनाक्षी निगम, जनसंपर्क अधिकारी मुकेश गुप्ता व अरीबा खान, विवाह में वधू को अनेक उपहार भी दिए गए इस अवसर पर दिल्ली सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन भी वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे।



बटवा पुलिस स्टेशन अहमदाबाद गुजरात में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते दिल्ली क्राइम नेशनल एनजीओ के जनसंपर्क अधिकारी अवध किशोर त्रिपाठी

## गुमशुदा की तलाश



राम निवास जी सिंगल उम्र 66 वर्ष, कद 6 फिट रंग गोरा, पत्ता मकान नंबर 857 प्रथम तल, रानी बाग दिल्ली, को संतोम हॉस्पिटल प्रशांत विहार में 7 अगस्त 2021 को ईलाज के लिये आई.सी.यु. में भर्ती करवाया था दिनांक 8 अगस्त 2021 समय दोपहर 1 बजे होस्पिटल से अचानक गायब हो गये हैं। जिनकी गुम शुदा की रिपोर्ट थाना प्रशांत विहार, रोहिणी दिल्ली में दर्ज करवाई गई है जिस किसी को भी इनके बारे में सूचना मिले वो कृपया निचे लिखे नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।
विक्की सिंगल (पुत्र) मो. 9899092999,
बिहारी लाल हिसारिया (बहनोई) मो.9873151531,
श्री मनीष, पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत विहार थाना, दिल्ली 8750870375,
(नोट पत्ता बतलाने वाले को 50000/- (पचास हजार) का ईनाम दिया जावेगा)

# मुंबई में नाबालिग नौकरानी के कपड़े उतरवाकर बनाया वीडियो, किया प्रताड़ित



**संवादाता।** पुलिस ने एक महिला को अपनी नाबालिग नौकरानी के साथ मारपीट करने और उसे प्रताड़ित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुंबई के वसोर्वा इलाके की रहने वाली एक महिला को अपनी नौकरानी के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला पर यह आरोप भी है कि उसने अपनी नाबालिग नौकरानी के जबरन कपड़े उतारे और मारपीट कर उसका वीडियो बनाया। जानकारी के अनुसार आरोपी महिला एक स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस है और वसोर्वा में अकेले ही रहती है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि महिला को पता था कि जिस लड़की को वह काम पर रख रही है वह नाबालिग है, इसके बावजूद उसने लड़की को काम पर रखा। पीड़िता के अनुसार वह चार महीने से आरोपी महिला के घर में काम कर रही थी।

आरोपी महिला ने इससे पहले भी कई बार काम ठीक से न करने को लेकर पीड़िता के साथ मारपीट की थी और उसे प्रताड़ित भी किया था। पीड़िता ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया है कि बीते सोमवार की रात को मुझे काम पूरा करने में कुछ देर हो गई थी। इसे लेकर मेरे साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया फिर वीडियो बनाई गई और तस्वीरें खींची गईं। पीड़िता के घरवालों को इस पूरे मामले की जानकारी तब हुई जब पीड़िता की बहन ने उसके शरीर पर चोट के निशान देखे।








दिल्ली क्राइम प्रेस के रिपोर्टर रामनाथ की मां व अनीता सिंह की सास के आकस्मिक निधन पर दिल्ली क्राइम प्रेस परिवार विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

# दिल्ली क्राइम एनजीओ ने गरीब लड़की की शादी में की आर्थिक मदद



**संवादाता।** दिल्ली क्राइम एनजीओ के पास पहुँचे गरीब पिता की मदद दिल्ली क्राइम एनजीओ ने उसकी बेटी की शादी में दहेज का सामान देकर की। दिल्ली क्राइम एनजीओ ने कन्या की शादी में बेड, ड्रेसिंग टेबल व अन्य जरूरी सामान भेंट किया। दिल्ली में रहने वाली गायत्री का विवाह नवम्बर माह में होना तय हुआ था। लेकिन गायत्री के घर की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी। गायत्री के पिता ने उसकी शादी के लिए कई लोगों से मदद मांगी लेकिन वह शादी के लिए पूरा पर प्रबंध नहीं कर पाए। जिसके बाद वह मदद के लिए दिल्ली क्राइम एनजीओ के पास पहुँचे और अपनी परेशानी बताई। जिसके बाद दिल्ली क्राइम एनजीओ की नेशनल कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी निगम और शरद कुमार गुप्ता ने गायत्री की शादी एनजीओ की तरफ से बेड, ड्रेसिंग टेबल , अलमारी व अन्य सामान की व्यवस्था कराई। गायत्री की शादी के लिए सामान देने के साथ एनजीओ की टीम उसकी शादी में शामिल होने भी पहुँची और उसे उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मीडिया को जानकारी देते हुए गायत्री के पिता ने दिल्ली क्राइम एनजीओ का आभार जताया और मौके पर मौजूद दिल्ली क्राइम एनजीओ की टीम के सदस्यों को सम्मानित किया।

# विश्व बैंक ने जताई कोरोना के दौरान स्कूल बंद रहने से 17 लाख करोड़ डॉलर के नुकसान की आशंका

**संवादाता।** विश्व बैंक के वैश्विक शिक्षा निदेशक जैमे सावेद्रा ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण हुई स्कूलबंदी ने दुनियाभर में शिक्षा की रफ्तार को रोक दिया है। महामारी आने के 21 महीने बाद भी कई स्कूल बंद हैं। कोरोना महामारी से हुए नुकसान के कारण छात्रों की वर्तमान पीढ़ी पर उनके जीवन की कमाई के 17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के नुकसान का खतरा है। यह पूरी दुनिया के वर्तमान जीडीपी का लगभग 14 प्रतिशत है। विश्व बैंक और यूनेस्को ने इससे जुड़ी एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में कोरोना महामारी के दौरान स्कूलों के बंद होने से नुकसान का अंदाजा लगाया गया है।

PLEASE CONTACT US ON WHATSAPP

9315078067 : FOR FUNDS || 9315078064 : FOR NEWS UPDATES || 9315078062 : For Academy || 9315078061 : Network Correction ||
9315078059 : For News & Advertisement Related || 9315078055 : For Newspaper Distribution & Dispatch Related || 9315078054 : For Any Other Kind Of Request ||8801365247, 8802365247 : 24x7 Customer Care no.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक इन्द्रा द्वारा रोयल ऑफसेट 489 एफ.आई.ई. पटपड़गंज इन्डस्ट्रियल एरिया दिल्ली - 110092 से मुद्रित कराकर बी - 8, तीसरी मंजिल, मोती नगर, नई दिल्ली - 110015 से प्रसारित किया। संपादक : इन्द्रा